
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भारत नेट फेज–2 की स्वीकृति से राज्य में नई दूरसंचार क्रांति

**अवसर**

## 12 जनपदों के 65 ब्लॉक के अंतर्गत 5991 ग्राम पंचायतों में इंटरनेट पहुंचाया जाएगा

**सवांददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त भारत नेट 2.0 परियोजना की क्रियान्वयन होने से राज्य में ईगवर्नेस, ईऑफिस, ईडिस्ट्रिक्ट, ईहेल्थ, टेली मेडिसन, ईएजुकेशन, ईबैंकिंग, ई नाम , इन्टरनेट और अन्य सुविधायें राज्य की जनता को प्राप्त होंगी जिससें उन्हें स्वावलम्बी बनने में न केवल सहायता प्राप्त होगी बल्कि स्वरोजगार के कई अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। जैसे ई–हेल्थ के माध्यम से दूरदराज ग्रामों में बैठे हुए प्रदेश की जनता सीधे अस्पतालों से जुड़कर अपना ईलाज करा सकेंगे, विद्यार्थी घर बैठ कर पढाई कर सकते हैं, बिना बैंक में गये बैंक की सुविधा प्राप्त कर सकते है, किसान भाईयों को फसलों के सम्बन्ध में दवाओं के सम्बन्ध में भण्डारण के सम्बन्ध में तथा फसल मूल्य के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त हो सकेंगी। किसान भाई अपनी फसलों एवं कृषि उत्पादों




को ई नाम के माध्यम से अपने गांव से भी ऑनलाइन बेच सकेंगे। छोटे–छोटे व्यवसायी भी अपने व्यवसाय के सम्बन्ध में यथा ई मार्केटिंग आदि के सम्बन्ध में जानकारी हासिल करते हुए ई–मार्केटिंग कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत 3 वर्षो में उत्तराखण्ड में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सीएम डेश बोर्ड इसके द्वारा राज्य के प्राथिमिकता के कार्यक्रमों की समीक्षा यथा उनकी वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा जनपद स्तर से लेकर मुख्यमंत्री के कार्यालय तक की जाती है। राज्य के पहले स्टेट डाटा सेन्टर का निर्माण किया गया। जिससें सभी विभागों के डाटा को राज्य में संरक्षित किया जा सकता है। ड्रोन के क्षेत्र में भी राज्य में काफी प्रगति की गयी है, प्रत्येक वर्ष यह न केवल दो फेस्टिवल का सफल आयोजन किया जा रहा है वहीं छात्रों आदि को ड्रोन से सम्बन्धित प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससें वह रोजगार के नये अवसर प्राप्त कर सकते है। प्रदेश में किसी भी प्रदेश सरकार के द्वारा बनाया गया यह पहला ड्रोन सेन्टर है। ड्रोन के माध्यम से आपदा के समय आपदा राहत कार्यो में भी तेजी आयेगी।

स्वान के माध्यम से राज्य मुख्यालय से समस्त जनपदों, तहसीलो एवं ब्लाकों को जोड़ा गया है जिससें विभागीय समीक्षा मुख्यालय ब्लाक या तहसील तक सीधे की जा सकती है। सरकार के द्वारा उक्त सुविधा ग्राम पंचायत स्तर तक किये जाने का लक्ष्य है।

ई–डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से नागरिकों को लगभग 82 सुविधायें प्रदान की जा रही हैं, और शीघ्र ही समस्त नागरिक सुविधायें प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति यथा जाति प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, समाज काल्याण के आदि हेतु आवेदन कर सकते है।

## न्यूज डायरी

### मुख्य सचिव तक पहुंचा विधायक व बीआरओ अधिकारी के बीच मचा विवाद

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जौलजीवी मदकोट मुंसयारी मार्ग पर फगुवा के पास बंद सड़क खोलने को लेकर बीआरो अधिकारी और क्षेत्र के विधायक हरीश धामी के बीच विवाद के चलते पिछले तीन रोज बीत जाने के बाद भी बीआरो के मजदूरों ने बंगापानी व दरकोट के बीच कार्य करने में अब तक कोई भी मंशा नही दिखाई है। वही कार्य के न होने से क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के मुताबिक मामला पिछले शनिवार का था। वही बीआरो के अधिकारी व धारचूला के विधायक हरीश धामी के बीच मार्ग को खोलने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मगर यह मामला अब तक नही सुलझ पाया है। अब यह मामला मुख्य सचिव तक जा पहुचा है। जल्द ही इस मसले पर शासन स्तर पर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकेगा।

### हँसुली गढ़वाली गीत का हुआ विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की फेमस जागर गायिका हेमा नेगी करासी ऑफिसियल चौनल एचएनके फिल्म ब्रैंड की ओर से हँसुली गीत का विमोचन किया गया। जागर गायिका हेमा नेगी करासी की आवाज में प्रस्तुत इस गीत के माध्यम से एक अकेली औरत की विरह और उसका सहारा बनी बेटी को दिखाया गया है, लेकिन पहले ही अपने पति को खो चुकी पहाड़ की इस महिला पर आफत तब टूट पड़ती है जब उसकी बेटी भी पानी में बह जाती है और वो अकेली रह जाती है। हँसुली एलबम का विमोचन डालनवाला स्थित संस्कृति विभाग के निदेशालय में डायरेक्टर वीना भट्ट ने किया। वीना ने कहा कि पहाड़ की औरतों का जीवन वाकई में पहाड़ जैसी कठिनाईयों से भरा होता है, ऐसे में यदि वो बिल्कुल अकेली हो जाए तो उनका दर्द क्या होगा, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंगर हेमा नेगी हर बार ही कुछ अलग लेकर आती हैं।

### नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. आदित्य कुमार का किया अभिनंदन

**संवाददाता** देहरादून। दून फूड रिलीफ फाउण्डेशन द्वारा कोरोना काल में लाकडाउन के दौरान आमजन में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली आसानी से सुलभ जड़ी बूटियों के लिए निरंतर संचार माध्यमों पर अभियान चलाये रखने के लिए नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आदित्य कुमार का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र दंदोना ने बताया कि डॉ आदित्य कुमार पिछले 30 वर्षों से उत्तराखंड की वनौषधियों एवं उनके द्वारा घरेलू उपचार के ज्ञान के संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूकता के लिए सतत अभियान चला रहे हैं।

## सीएम ने प्रेक्षागृह और संग्रहालय का किया निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को गढ़ीकैंट स्थित संस्कृति विभाग के निर्माणाधीन प्रेक्षागृह और संग्रहालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी कुछ कार्य किया जा चुका है। शेष कार्य को भी समयबद्धता से पूरा कर लिया जाए। निर्माण में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए। बताया गया कि लगभग 95 प्रतिशत कार्य किया जा चुका है। ग्रीन बिल्डिंग की कन्सेप्ट पर बनने वाले प्रेक्षागृह और संग्रहालय की लागत 67 करोड़ रूपए है। प्रेक्षागृह का भवन 2518 वर्गमीटर में बन रहा है। एक हजार क्षमता का यह प्रेक्षागृह पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। इसमें फायर फाईटिंग सिस्टम, अत्याधुनिक आडियोध्वीडियो सिस्टम, सीसीटीवी सिस्टम होगा। संग्रहालय के भवन में प्रदर्शनी गैलरी, संग्रहालय, लाईब्रेरी, कान्फ्रेंस हॉल, मीटिंग हॉल बनाए जा रहे हैं। इसमें ग्राउंड वाटर रिचार्ज और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी है। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, निदेशक सुश्री बीना भट्ट भी उपस्थित थे।



# बचपन में लगी चोट के कारण युवक के दिमाग में बना छेद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिलें के मैनेजमेंट संस्थान से होटल मैनेजमेंट कर रहे छात्र रोहन कुमार जो कि जनपद का ही रहने वाला है। इसकी उम्र 16 साल के करीब है।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व इस छात्र का स्वास्थ अचानक बेहद खराब हो गया तों परिवारजन छात्र को आनन–फानन में जिला अस्पताल ले गया। छात्र का सिटी स्कैन किये जाने पर उसे जिले से हल्द्वानी विवेकानंद हास्पिटल रैफर कर दिया गया। जहां उसकी जांच में पता चला कि रोहन के दिमाग में बचपन में लगी चोट के कारण छेद हो गया है। डांक्टरों

**मदद की दरकारः** परिवार वालों ने लगाई मदद की गुहार

ने रोहन को तीन साल तक घर में ही रहकर दवा लेकर उपचार करने की हिदायत दी। बीते आठ जुलाई को इस रोहन की तबियत अचानक बिगड़ने से एक बार फिर हल्द्वानी के विवेकानंद हास्पिटल में रैफर किया गया गया। रोहन के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने से मुश्किलें और बढ़ गई है।

बता दें कि तीन दिन से रोहन को हल्द्वानी के ही विवेकानंद हास्पिटल के आईसीयू में रखा गया है। रोहन की माता परिवार में कमानें वाली एक मात्र सदस्य है। ऐसी परिस्थिति में उनके पर काफी खर्च का बोझ आ रहा है। रोहन के परिवार वालों ने जिले व प्रशासन



रोहन कुमार।

से अन्य सरकारी संगठनों से ऐसे मे मदद की गुहार लगाई है।

वही गांववालों ने रोहन की माता के नाम से ग्रामीण बैंक पिथौरागढ़ की शाखा में खाता नंबर 4321055311 व फोन 9927216230 व विवेकानंद हास्पिटल के दूरभाष नंबर 05946 282828 में मदद करने के लिए गुहार लगाई है।

## भ्रामक समाचार फैलाने वाले पर प्रशासन जल्द करेगा कारवाही

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सोशल मीडिया पर 11 जुलाई से 13 जुलाई तक राष्टीय राजमार्ग बंद रहने की भ्रामक समाचार फैलाने वाले वाले युवक पर जिला प्रशासन बहुत जल्द ठोस कारवाही करेगा। बता दें कि सोशल मीडिया पर किसी शरारती युवक ने बीते शुक्रवार को डेढ महीने पहले जिले के स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित पुरानी न्यूज को जैसे ही सोशल मीडिया पर डाला तो इस खबर से बवाल मच गया। बता दें कि जिले से इन तिथियों में आवागमन करने वाले यात्रियों व सामान इत्यादि खरीदने को जाने वाले व्यापारियों में खासी परेशानी देखने को मिली। वही लोग अपने अपने तरीके से इस खबर की पुष्टि करने में लगे रहे। वही देर सांय यह मामला जिलाधिकारी डा विजय कुमार जोगदडे के सामने पहुचा तो उन्होंनें स्वयं इस खबर का खंडन करते हुए यह जानकारी दी कि इस तरह की भ्रमक खबर फैलाने वाले शरारती तत्व को प्रशासन बहुत जल्द पकड़कर ठोस कारवाही करेगा। लोगों ने इस मामले पर जिलाधिकारी से विशेष कारवाही किये जाने की मांग की है।